# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026


# गुकेश ने नॉर्वे मे कांर्लसन को हराकर रचा इतिहास, गुस्से मे भंड़के पूर्व चैपिंयन ने बाद मे ं मांगी माफी।


Publisher

Published on 02 Jun 2025





## भारतीय युवा ग्रैडंमास्टर डी गुकेश ने मॅग्नस कार्लसन को उनके ही देश मे हंराया, हार से बौखलाए कार्लसन ने टेबल पर मारी जोर से थपकी, फिर मांगी माफी।

**नॉर्वे:** भारतीय शतरंज के उभरते सितारे **डी गुकेश** ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एक बड़ा उलटफेर करते हुए **पांच बार के विश्व चैंपियन मॅग्नस कार्लसन** को उनके ही देश में हरा दिया। यह जीत गुकेश के लिए न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारतीय शतरंज के इतिहास में भी एक सुनहरा अध्याय जोड़ती है।

गुकेश की जीत के बाद जहां वह शांत और संयमित नजर आए, वहीं कार्लसन अपनी हार से इतने नाराज हो गए कि उन्होंने टेबल पर हाथ मार दिया और गुस्से में वहां से उठकर चले गए। उनका यह व्यवहार सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है।

**हार बर्दाश्त नहीं कर पाए कार्लसन, की अपमानजनक हरकत**

मैच खत्म होते ही कार्लसन ने टेबल पर जोर से हाथ मारा, जिससे पूरा शतरंज बोर्ड हिल गया। फिर वह बिना गुकेश से हाथ मिलाए सीधे कुर्सी छोड़कर हॉल से बाहर निकल गए। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने वापस आकर गुकेश से माफी मांगी और शतरंज की मोहरों को दोबारा ठीक से जमाने की कोशिश की।

**गुकेश की शांति और रणनीति ने किया कमाल**

दूसरी ओर, गुकेश ने बेहद **शांत दिमाग** और **रणनीतिक** चालों के जरिए यह मुकाबला जीता। उन्होंने बताया कि—"मुझे ज्यादा कुछ नहीं करना था, बस सही समय पर सही चाले चलनी थीं। कार्लसन पर समय का दबाव था और इसी दौरान उन्होंने गलतियां

कीं, जिनका मैंने फायदा उठाया।”

**कार्लसन की गलतियों का मिला फायदा**

इस मुकाबले में कार्लसन ने शतरंज की सफेद मोहरों से खेल की शुरुआत की और शुरुआती दौर में आक्रामक रुख अपनाया। लेकिन जैसे-जैसे समय कम होता गया, उन्होंने कुछ गलतियां कीं जिनका फायदा उठाकर गुकेश ने बढ़त बना ली और आखिर में जीत हासिल की।

**पिछली हार का लिया बदला**

इस टूर्नामेंट की पहली भिड़ंत में **कार्लसन ने गुकेश** को हराया था, लेकिन इस बार गुकेश ने बेहतरीन खेल दिखाकर उस हार का बदला ले लिया। नॉर्वे **शतरंज टूर्नामेटं शतरंज कैलेडंर** की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है, जो इस बार **26 मई से 6 जून** तक स्टावेंगर में आयोजित की जा रही है।

**प्रशंसकों का मिला समर्थन**

जैसे ही गुकेश ने कार्लसन को हराया, हॉल में बैठे दर्शकों ने खड़े होकर ताली बजाई। गुकेश की इस ऐतिहासिक जीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और पूरी दुनिया में भारतीय खिलाड़ी की प्रशंसा हो रही है।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/06/x-downloader.com_Hdct6t.mp4

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.